Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to provide a direct train between Mahoba and Lucknow via Kanpur with necessary amenities at Mahoba Railway Station in Uttar Pradesh.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में महोबा रेलवे स्टेशन में रेलगाड़ियों के रात्रि में रुकने के लिए लोकोशेड का निर्माण कराया जाए। महोबा से लखनऊ वाया कबरई-खैरार-रागौल-भरूआ-सुमेरपुर-कानपुर होते हुए एक सीधी रेलगाड़ी चलाई जाए। कुलपहाड़-चरखारी रोड, हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशनों को बस्ती के पास बनाया जाए। उरई से राठ-चरखारी होते हुए महोबा तक तथा हमीरपुर रोड से हमीरपुर मुख्यालय एवं विवार-राठ होते हुए हरपालपुर (म.प्र) तथा हरपालपुल से राठ-गोहान-सरीला-चंडौत होते हुए कालपी रेलवे लाइन तक नई रेलवे लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण कराकर शीघ्र निर्माण कराया जाए।

चित्रकूट में अमावस्या मेला के दिन तीर्थयात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण एक स्पेशल ट्रेन प्रतिमाह अमा वस्या के दिन झांसी से चित्रकूट एवं कानपुर से चित्रकूट (आना-जाना) चलाई जाए। साथ ही उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति में 6 स वारी डिब्बे बढ़ाये जाएं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि लोगों की आवश्यकता एवं क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने एवं आवागमन के साधन उपलब्ध कराने हेतु उपरोक्त जगहों में रेलवे लाइन बिछाने हेतु धन उपलब्ध कराकर कार्य प्रारम्भ कराने का कट करें।